हरिभूमि

# रेवाड़ी भूमि

रोहतक, शुक्रवार 6 मार्च 2026


तापमान

अधिकतम 34 .5 डिग्री
न्यूनतम 13 .6 डिग्री


12 फाग उत्सव में दिया शांति और भाईचारें का संदेश, ग्रामीण क्षेत्रों में मेले व खेलों का आयोजन





12 शेड्यूल से चार दिन लेट पहुंचा नहर में पानी, टैंकों में स्टोरेज करना शुरू




## खबर संक्षेप

### नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**धारूहेड़ा।** पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पीड़ित पक्ष की शिकायत के आधार पर पुलिस ने सामान्य अस्पताल से नाबालिग का मेडिकल कराया था। पीड़ित पक्ष में घर में घुसकर दुष्कर्म करने और धमकी देने के आरोप लगाए थे। पुलिस ने थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी दीपक नाम के युवक पर दुष्कर्म करने व पोक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज किया था। गत 2 मार्च को दर्ज इस मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया।

### दहेज उत्पीड़न के आरोप में एक गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** पुलिस ने दहेज उत्पीड़न व जान से मारने की धमकी देने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। महिला थाना पुलिस ने शहर निवासी एक विवाहिता की शिकायत के आधार पर दोनों पक्षों के बीच काउंसलिंग के जरिए समझौता कराने के प्रयास किए थे। कई बार पुलिस थाने में दोनों पक्षों के बीच बातचीत हुई, लेकिन उनमें सुलहनामा नहीं हुआ। पुलिस ने गत 17 जनवरी को केस दर्ज करने के बाद मामले जांच शुरू की थी।

### हादसे के बाद फरार आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** मॉडल टाउन थाना पुलिस ने सड़क हादसे के बाद फरार हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने 22 जनवरी को हुए हादसे के बाद वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज किया था। अस्पताल में उपचाराधीन घायल के बयान पर वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज करने के बाद पुलिस ने आरोपी का पता लगाने के प्रयास शुरू किए थे। इस मामले में जांच के बाद पुलिस ने करनावास निवासी राकेश को गिरफ्तार कर लिया। बाद में आरोपी को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### धोखाधड़ी का आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

**रेवाड़ी।** मॉडल टाउन थाना पुलिस ने वर्ष 2024 में दर्ज किए गए धोखाधड़ी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने निवेश के नाम पर लोगों को ठगी का शिकार बनाने के आरोप में लगभग 2 साल पहले धोखाधड़ी व एचपीआईडीएफई एक्ट के तहत केस दर्ज किया था। मामले की जांच आर्थिक अनुसंधान शाखा ने की थी। इस मामले में पुलिस ने एक आरोपी दिल्ली के निर्माण भवन निवासी कुशाग्र अंशल को काबू कर लिया।

### हादसों में महिला सहित तीन लोग घायल

**रेवाड़ी।** अलग-अलग सड़क हादसों में एक महिला सहित तीन लोग घायल हो गए। कसौली निवासी सुशीला पानी लेकर अपने घर की ओर जा रही थी। इसी दौरान एक कार ने उसे टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजनों ने उसे एक निजी अस्पताल में दाखिल कराया है। नांगल तेजू के पास बाइक पर जा रहे उत्तम नगर निवासी भरत और उसके दोस्त नीमराना निवासी आकाश बाइक पर जा रहे थे। इसी दौरान एक ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे वह दोनों घायल हो गए।

### यादव सभा का निःशुल्क हेल्थ चेकअप कैंप 8 को

**रेवाड़ी।** यादव कल्याण सभा की ओर से 8 मार्च को गढ़ी बोलनी रोड स्थित श्री कृष्ण भवन में सुबह 9 से 11 बजे तक फ्री चिकित्सा शिविर आयोजित किया जाएगा, जिसमें मरीजों को ओपीडी सेवाएं व फ्री दवाईयां प्रदान की जाएगी। यादव सभा प्रवक्ता प्रो. सतीश यादव ने बताया कि शिविर में वरिष्ठ डॉक्टरों की टीम मेडिसन, हड्डी रोग, सर्जरी, नेत्र रोग, चर्म रोग व स्त्री रोग में ओपीडी सेवाए प्रदान करेगी। फिजियोथेरेपी की सेवाएं भी दी जाएगी।

---

*एक परिवार के सदस्य भी अलग-अलग वार्डों में शामिल*

# मतदाता सूचियों में खामियों के अंबार, ठीक कराने दफ्तर में उमड़ी भीड़, दोबारा सत्यापन की मांग

**बीएलओ की कार्यशैली पर उठाए जा रहे सवाल**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी/धारूहेड़ा

नगर पालिका चुनावों से ठीक पहले मतदाता सूचियों का प्रकाशन कराया जा रहा है। अंतिम प्रकाशन से पहले अवलोकन के लिए आई मतदाता सूचियों में भारी खामियां देखने को मिल रही हैं। एक ही परिवार के सदस्यों को अलग-अलग वार्डों में शामिल कर दिया गया है, जबकि वार्ड में नहीं रहने वाले लोगों के नाम भी शामिल कर दिए गए हैं। सूची देखने के बाद नाम सही वार्ड में दर्ज कराने के लिए नगर पालिका कार्यालय में वीरवार को लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। लोगों ने संबंधित बीएलओज पर मतदाता सूचियों में जान-बूझकर गड़बड़ी करने के आरोप लगाते हुए प्रशासन से कार्रवाई की मांग की है। मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन मार्च माह के अंत में किया जाना है। इस बार कस्बे में एक वार्ड बढ़ने के बाद नए सिरे से मतदाता सूचियां बनाई गई हैं। वार्ड बंदी का कार्य भी नए सिरे से किया गया है। लोगों के अवलोकन के लिए मतदाता सूचियों को आवंटित किया गया, तो उनमें भारी खामियां सामने आई हैं। मतदाता सूचियों से निवर्तमान पार्षद तक संतुष्ट नहीं हैं। सही वार्ड में नाम दर्ज कराने के लिए बड़ी संख्या में लोग नगर पालिका कार्यालय आकर अपनी अपत्तियां दर्ज कराने लगे हैं। जो लोग संबंधित वार्डों के निवासी ही नहीं हैं, उनके नाम मतदाता सूचियों में दर्ज किए गए हैं। एक ही परिवार के सदस्यों को अलग-अलग वार्डों में शामिल कर दिया गया है, जिससे लोगों में बीएलओ के प्रति रोष देखने को मिल रहा है। कस्बे के लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि संसोधित मतदाता सूचियां बनाने के लिए नए सिरे से बीएलओज को वार्डों में भेजकर सत्यापन का कार्य कराया जाए। इसके बाद ही सूचियां प्रकाशित करानी चाहिएं।



रेवाड़ी। मतदाता सूची में खामियां ठीक कराने पहुंचे लोग। फोटो : हरिभूमि

**वार्ड सूची में नहीं मिला वोटर का नाम**

*नगरपालिका कार्यालय में इस मुद्दे को लेकर लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। स्थानीय निवासी मयंक यादव ने बताया कि पिछले चुनाव में उनकी वोट वार्ड नंबर 10 में थी, लेकिन अब सूची में उनका नाम नहीं है। वार्ड नंबर 11 से 176 वोट वार्ड नंबर 10 में कैसे कर दी गई यह कोई नहीं बता रहा। वार्ड नंबर 4 व 5 से वार्ड नंबर एक में कर दी गई। वार्ड नंबर 3 से 6 में, वार्ड नंबर 9 से 10 में वार्ड नंबर 13 से 12 वार्ड में की गई है। धर्मवीर यादव पूर्व प्रधान किसान मोर्चा ने बताया कि वार्ड नंबर 17 से वार्ड नंबर एक में 49 वोट जो कि हमारी थी, शिफ्ट कर दी गई है।*

**कोर्ट में जाने की चेतावनी दे रहे लोग**

*कस्बावासियों ने चेतावनी दी है कि यदि वार्डों में शामिल बाहरी मतदाताओं के नाम नहीं हटाए गए और सूची में सुधार नहीं किया गया तो वे न्यायालय का दरवाजा खटखटाने को मजबूर होंगे। लोगों का कहना है कि हर वोट को ठीक करवाने के लिए अलग-अलग फार्म भरने पड़ रहे हैं, जिससे आमजन को भारी परेशानी हो रही है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि बीएलओ को वार्डों में भेजकर दोबारा सत्यापन कराया जाए और निष्पक्ष तरीके से संशोधित मतदाता सूची जारी की जाए, ताकि आगामी नगरपालिका चुनाव पारदर्शी और निष्पक्ष रूप से संपन्न हो सकें।*



रेवाड़ी। मतदाता सूचियों की जांच करते हुए कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

**कल तक दर्ज करा सकते हैं आपत्ति**



*मतदाता सूचियां जल्दबाजी में तैयार हुई हैं, जिससे इनमें त्रुटियों की बात सामने आई हैं। रिवाइजनिंग अर्थॉरिटीज को इस कार्य के लिए लगाया जा चुका है। 7 मार्च तक मतदाता अपनी आपत्ति दर्ज करा सकते हैं, ताकि इन त्रुटियों को दूर किया जा सके। -ब्रह्मप्रकाश, डीएमसी।*

**नियमों की अनदेखी का आरोप**

पूर्व पार्षद होशियार सिंह उर्फ बिट्टू ने कहा कि मतदाता सूची तैयार करते समय नियमों की अनदेखी की गई है। उनका कहना है कि जिस वार्ड में व्यक्ति निवास करता है, उसकी वोट उसी वार्ड में होनी चाहिए। इन मतदाता सूचियों में ऐसा नहीं किया गया है। दूसरे स्थानों पर रहने वाले लोगों को अन्य वार्डों में शामिल कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि वार्डबंदी केवल खानापूर्ति बनकर रह गई है। वार्ड से बाहर के मतदाताओं को शामिल करने में बड़ा खेल हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि बीएलओज ने घर बैठे ही सूची तैयार कर दी। मौके पर जाकर सत्यापन नहीं किया। चुनाव लड़ने के इच्छुक कुछ लोगों की मिलीभगत से यह हेराफेरी की गई है।

---

# मंदोला में हुई लाखों की चोरी का खुलासा 21 लाख के जेवरात सहित आरोपी गिरफ्तार



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में चोरी का आरोपी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी

मंदोला में गत 25 फरवरी को दिन दहाड़े एक मकान में हुई लाखों रुपये की चोरी का मामला पुलिस ने सुलझा लिया है। इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद लगभग 21 लाख रुपये का सामान व चोरी की गई बाइक सहित दो बाइकें बरामद की गई हैं। थाना खोल पुलिस को दर्ज शिकायत में मंदोला निवासी सरोज देवी ने बताया था कि वह 25 फरवरी को अपने बेटे व पुत्रवधु के साथ सुबह करीब 10 बजे राजस्थान के जैतपुर धाम में दर्शन के लिए गई थी। लगभग साढ़े 12 बजे वापस आने पर घर का ताला खोलकर अंदर जाकर देखा, तो घर में रखी अलमारियों के ताले खुले हुए पाए गए। घर के चार कमरों का सामान बिखरा हुआ था। चोर मकान से तीन सोने की अंगूठी, दो जोड़ी सोने के कड़े, दो सोने के मंगलसूत्र, चार जोड़ी पाजेब चांदी, दो जोड़ी सोने के टॉप्स, घर के बाहर खड़ी बाइक व एक लाख रुपये चोरी कर ले गए। उसकी शिकायत पर थाना खोल पुलिस ने मौका मुआयना करने के बाद 26 फरवरी को चोरी का केस दर्ज किया था। पुलिस ने इस मामले में जांच के बाद नारनौल के मोहल्ला मिसरवाड़ा निवासी मुकेश उर्फ रिशु को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से करीब 21 लाख रुपये की कीमत की 3 सोने की अंगूठी, 4 सोने के कड़े, 2 सोने के मंगलसूत्र, 1 जोड़ी सोने के टॉप्स, 1 जोड़ी सोने की झुमकी 1 चांदी की अंगूठी, 1 जोड़ी चांदी की पाजेब, 5 पैकेट आर्टिफिशियल जेवरात, 1 चोरी की बाइक व वारदात में प्रयोग की गई 1 बाइक को बरामद कर लिया है।

**चोरी के जेवरात व बाइक बरामद**

आरोपी से पूछताछ के बाद पुलिस ने सोने के चार कड़े, दो मंगलसूत्र व अन्य जेवरात सहित चोरी की बाइक भी बरामद करने में सफलता हासिल की है। डीएसपी पवन कुमार ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि आरोपी के कब्जे से चोरी का लगभग 21 लाख का सामान बरामद किया गया है। पुलिस ने तकनीकी अनुसंधान के आधार पर चोरी की गुत्थी सुलझाने में सफलता हासिल की है।

**आरोपी के खिलाफ आठ मामले दर्ज**

पुलिस जांच में यह बात सामने आई है कि आरोपी के खिलाफ नारनौल के सिटी थाने में 7 व एक खोल पुलिस थाने में केस दर्ज है। वह एनडीपीएस, अपहरण, चोरी और जुए के मामलों में आरोपी रहा है। वारदात के दिन वह अपने दोस्त के साथ बाइक पर आया था। पुलिस ने दूसरी बाइक बरामद करने के बाद उसके साथी का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए।

---

# सात घंटे की मशक्कत के बाद आरोपी की पहचान गिरफ्तारी के बाद जाम खोलने को तैयार हुए लोग

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी

होली की रात रामपुरी के पास बेरली-डहीना रोड पर हुए हादसे में दो महिलाओं की मौत और एक के घायल होने के बाद पुलिस ने आरोपी को लगभग 7 घंटे में गिरफ्तार कर लिया। उसकी गिरफ्तारी के बाद ही ग्रामीण जाम खोलने को तैयार हुए। बीते 3 मार्च की शाम रामपुरी निवासी 82 वर्षीय संतरा देवी, 74 वर्षीय भतेरी और लगभग 70 वर्षीय निर्मला देवी घर से दूध लाने के लिए निकली थीं। डहीना-बेरली रोड पर चल रहे सड़क निर्माण कार्य के चलते धूल उड़ रही थी। इसी दौरान एक पंच गाड़ी ने तीनों महिलाओं को टक्कर मार दी। संतरा और भतेरी की हादसे में मौके पर ही मौत हो गई, जबकि निर्मला घायल हो गई थी। चालक कार सहित मौके से फरार हो गया था। ग्रामीणों ने शव सड़क पर रखकर जाम लगाया, तो डीएसपी कोसली विद्यानंद व एसएचओ जाटूसाना भगवत प्रसाद मौके पर पहुंच गए थे। ग्रामीणों ने आरोपी चालक की गिरफ्तारी के बाद ही जाम खोलने व शवों को सड़क से हटाने की बात कही थी। पुलिस आरोपी चालक का पता लगाने के लिए एक्टिव हो गई।



रेवाड़ी। महिलाओं की मौत के बाद अस्पताल में मौजूद परिजन। फोटो : हरिभूमि

**सीसीटीवी फुटेज से लगाया पता**

पुलिस ने रात को ही चालक का पता लगाने के लिए आसपास के सीसीटीवी कैमरों की मदद से कार चालक का पता लगाने के प्रयास किए। बाद में आरोपी की पहचान महेंद्रगढ़ के ढाणा निवासी अंकित के रूप में हुई, तो पुलिस ने देर रात उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की गिरफ्तारी के बाद रात को करीब 1 बजे ग्रामीण जाम खोलने को तैयार हुए। बुधवार को दोनों शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिए गए। इसके बाद ही पुलिस ने राहत की सांस ली।

---

### मेंटेनेंस कार्य के कारण आज छह गांवों की बिजली रहेगी बाधित

**रेवाड़ी।** डहीना पावर सब स्टेशन में एक 10-16 एमवीए ट्रांसफार्मर टी-1 की वार्षिक मेंटेनेंस के लिए 6 मार्च को सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक तीन घंटे का शट डाउन लिया जा रहा है। मेंटेनेंस कार्य के कारण सब स्टेशन के अधीन आने वाले 6 गांवों की बिजली बाधित रहेगी। सब स्टेशन के एसएसई अरुण यादव व इंचार्ज जेई राजीव ने बताया कि ट्रांसफार्मर की वार्षिक मरम्मत के लिए पानीपत से शट डाउन लिया गया है। इससे पावर सब स्टेशन के अधीन आने वाले गांव डहीना, जैनाबाद, ढाणी ठोठराढ़, निमोठ, कंवाली व गोठड़ा की बिजली बाधित रहेगी। मेंटेनेंस कार्य पूरा होने के बाद गांवों में बिजली आपूर्ति सुचारू रूप से चालू की जाएगी।

---

# ब्राह्मण सभा ने अबीर-गुलाल के साथ मनाया रंगों का पर्व

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी

ब्राह्मण सभा व ब्राह्मण युवा संगठन की ओर से ब्रह्मगढ़ परिसर में अबीर गुलाल व पुष्प के साथ होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। सभा प्रधान चंद्रशेखर गौतम ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। सभा प्रधान गौतम ने समाज के कार्यक्रमों में युवा पीढ़ी से जुड़ने का आह्वान किया। समारोह के अतिथि भगवान परशुराम महासभा के प्रधान रमेश शर्मा ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से नई पीढ़ी को सही दिशा मिलती है। सभा के संरक्षक एवं समाजसेवी गोपाल शर्मा ने कहा कि कर्तव्य मानकर समाज के लोगों के किसी भी कार्य को करने में सहयोग करना चाहिए। सर्व ब्राह्मण महासभा के प्रदेश अध्यक्ष अनुकूल शर्मा ने कहा कि देश और समाज के किसी भी व्यक्ति पर किसी प्रकार की विपदा आती है तो उसका समाधान संगठित होकर करना चाहिए। पंडित महेश पतसारिया के निर्देशन में जीतू पागल व हरिओम सैनी ने होली गायन व भजन पेश किए। मंच संचालन राकेश वत्स ने किया।



रेवाड़ी। होली मिलन समारोह में मौजूद ब्राह्मण समाज के लोग। फोटो : हरिभूमि

- प्रधान गौतम ने समाज के कार्यक्रमों में युवा पीढ़ी से जुड़ने का आह्वान किया

**मौके पर ये मौजूद रहे**

*इस मौके पर ब्रह्मप्रकाश भारद्वाज, प्रेम कौशिक, ओमप्रकाश शर्मा, उपप्रधान दीपक मुदगिल, महासचिव जयकुमार कौशिक, प्रेस सचिव रमेश वशिष्ठ, भूपेन्द्र भारद्वाज, जीतेन्द्र तिवारी, सुरेश धामलावास, दिनेश, सतीश मस्तान, दिनेश मुदगिल, शिव कुमार शर्मा, डा. जितेंद्र शर्मा, नरेंद्र शर्मा, सुनील शर्मा, अनूप शर्मा, अरुणांशु भारद्वाज, सुभाष शर्मा, रामभगवान शर्मा, मनीष जोशी,आरपी मुदगिल एडवोकेट, सुशील स्वामी एडवोकेट, मधुसूदन शर्मा एडवोकेट, सतीश मुदगिल, धीरज शर्मा, दिलीप शास्त्री, सुरेश शर्मा, प्रदीप शर्मा, राजेश शर्मा,महेश भारद्वाज, डॉ.श्याम बिहारी भारद्वाज, दीपक शर्मा, विनोद, बसंत भारद्वाज,उमेश भारद्वाज, निखिल भारद्वाज, शशांक गौतम,नीरज शर्मा,अजय अत्री, राकेश शर्मा, प्रवीण भारद्वाज सतीश गौड़, प्रदीप शर्मा, राजेंद्र शर्मा, हेमन्त व मुकेश मौजूद थे।*

---

**सीजन में पहली बार पारा 34 डिग्री के पार, अगले सप्ताह मौसम में बदलाव के संकेत**

# सामान्य से अधिक चल रहा तापमान, पसीने छुड़ाने लगी गर्मी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी

मार्च के पहले ही सप्ताह में मौसम के तेवर तल्ख होने शुरू हो गए हैं। पारा इस सीजन में पहली बार 34 डिग्री के पार पहुंच गया है, जिससे पंखे और एसी चलने शुरू हो गए हैं। बिजली की खपत बढ़ने लगी है। अगले सप्ताह मौसम एक बार फिर करवट ले सकता है। तेजी से तापमान बढ़ना गेहूं की फसल के लिए संकट पैदा करने लगा है। मौसम साफ रहने के कारण सर्दी का असर लगभग खत्म हो चुका है। सुबह के समय हल्की ठंड महसूस होती है। वीरवार को सुबह से ही आसमान साफ बना रहा। अधिकतम तापमान 0.5 डिग्री सेल्सियस बढ़कर 34.5 डिग्री पर पहुंच गया। यह इस साल का सर्वाधिक तापमान है, जिस कारण वीरवार का दिन सबसे गर्म दिन साबित हुआ। न्यूनतम तापमान 1.2 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि के साथ 13.6 डिग्री दर्ज किया गया। इससे रात के समय भी ठंड का असर गायब हो गया। गत वर्ष की तुलना में इस बार तापमान सामान्य से काफी अधिक चल रहा है। बीते साल 5 मार्च को अधिकतम तापमान 25.0 डिग्री और न्यूनतम 10.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। हवाएं इस समय तेज गति से चलना शुरू हो गई हैं। वीरवार को 20 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से तेज हवाएं चलीं। हवा में नमी का स्तर कम होकर 30 प्रतिशत पर आ गया, जबकि एक्यूआई 170 के आसपास बना रहा। मौसम गर्म होने के कारण प्रदूषण के स्तर में कमी दर्ज की जा रही है, जिससे लोगों को राहत मिली हुई है।



रेवाड़ी। अनाजमंडी में नई सरसों की ढेरी बनाते हुए मजदूर। फोटो : हरिभूमि

**अगले सप्ताह मौसम में बदलाव का अनुमान**

*मौसम विभाग के अनुसार अगले सप्ताह मौसम में बदलाव देखने को मिल सकता है। पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के चलते 9 मार्च से आसमान में बादलों के बीच बूंदाबांदी या हल्की बारिश हो सकती है। इस दौरान तापमान में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। हवाओं की गति बीच-बीच में तेज बनी रहेगी। आने वाले सप्ताह में तीन से चार दिन तक मौसम परिवर्तनशील बना रह सकता है। इस दौरान तेज आंधी चलने से भी इनकार नहीं किया जा रहा है।*

**गेहूं की फसल को मौसम से बना खतरा**

*इस समय किसानों ने सरसों की कटाई का कार्य शुरू कर दिया है। गेहूं की फसल में दाना बनकर तैयार होना शुरू हो गया है। एक तो तेजी से बढ़ता हुआ तापमान और दूसरे हवाओं की तेज गति गेहूं को समय से पहले कटाई के लिए तैयार सकती है। दाना पूरी तरह नहीं पकने के कारण उसका वजन कम रहकर उत्पादन में कमी लाता है। गेहूं की फसल पर इस समय दीमक का प्रकोप भी बना हुआ है।*

---

### सत्तर वर्षीय वृद्ध ने फांसी लगाकर जान दी

**कोसली।** कान्हड़वास गांव में वीरवार को करीब 70 वर्षीय वृद्ध ने फांसी लगाकर जान दे दी। उसका गांव की धर्मशाला में फांसी के फंदे पर लटकता हुआ शव मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। गांव निवासी वृद्ध सतपाल सुबह के समय घर से निकला था। वह घर नहीं पहुंचा। काफी देर तक उसके घर नहीं पहुंचने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। काफी तलाश करने के बाद भी उसका कोई पता नहीं चला। बाद में ग्रामीणों ने धर्मशाला के टीन शेड के एंगल से शव लटकता देखा। मृतक की पहचान सतपाल के रूप में हो गई। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने मौके पर जाकर शव कब्जे में ले लिया। सीन ऑफ क्राइम टीम को भी मौके पर बुलाया गया। शव को पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया।



# यमी पेस्ट्री इंट्रेस्टिंग जर्नी



बच्चो, केक के छोटे भाई जैसा दिखने वाले पेस्ट्री का टेस्ट बहुत यमी लगता है न! इसीलिए तो घर या स्कूल में अपने फ्रेंड्स को कोई ट्रीट देनी हो या छोटी-सी भूख लगी हो तो सबसे पहले पेस्ट्री खाने का ही मन करता है। लेकिन क्या तुम जानते हो, इसे सबसे पहले कब, कहां बनाया गया? फिर इसमें कैसे-कैसे बदलाव हुए? जानो, पेस्ट्री की इंट्रेस्टिंग जर्नी के बारे में।

रोचक
शिखर चंद जैन

बच्चो, पेस्ट्री तो तुम अकसर खाते ही होगे। बाजार में मिलने वाली पेस्ट्रीज, केक का ही छोटा रूप होता है। तुम इसे मिनी केक या केक पीस भी कह सकते हो। तुम्हें यह जानकर हैरानी होगी कि पेस्ट्री कोई नई डिश नहीं है। दुनिया के कई देशों में सदियों से लोगों की फेवरेट डिश रही है। हालांकि पुराने दौर में इसे बनाने का तरीका और इसकी सामग्री अलग हुआ करती थी। प्राचीन मिस्र (अब इजिप्ट), यूनान (अब ग्रीस) और इटली के लोग भी पेस्ट्री खूब पसंद करते थे। माना जाता है कि सबसे पहले मिस्र के निवासियों को ही पेस्ट्री बनाने का आइडिया आया था। तब इसे 'बकलावा' या 'फिलो' कहा जाता था। उस जमाने में इसे अनाज के आटे में शहद, फल और मसाले मिलाकर बनाया जाता था।



### ऐसे बनी पहली मॉडर्न पेस्ट्री

मॉडर्न पेस्ट्री को बनाने की शुरुआत 14वीं शताब्दी के आस-पास हुई थी। उसी समय पहली बार 'कुक बुक्स' में इसकी विधि प्रकाशित हुई थी। इसके बाद से अलग-अलग ढंग की पेस्ट्री बनाने की विधि पूरे यूरोप और फिर पूरी दुनिया में फैली। इसके बाद से पेस्ट्री बनाने की विधि और इसकी सामग्रियों में बदलाव किए जाते रहे।

### बहुत बदल गई पेस्ट्री

पिछली कुछ सदियों में पेस्ट्री के रूप-रंग और इसके टेस्ट में बहुत बदलाव आया है। शुरुआत से लेकर आज तक, पेस्ट्री बनाने की कला में बहुत विकास हुआ है। अब तो नई विधि, अनेक प्रकार की सामग्रियों और आधुनिक उपकरणों की सहायता से एक से बढ़कर एक अट्रैक्टिव शेप-कलर और टेस्टी पेस्ट्री बनाई जाने लगी हैं।

### बिना चीनी के बनती थी पेस्ट्री

बच्चो, पेस्ट्री में अगर मिठास न हो, तो यह एकदम फीकी लगेगी न! लेकिन तुमको जानकर अचरज होगा कि पुराने समय में बनने वाली पेस्ट्री, आज की तरह मीठी नहीं हुआ करती थी, क्योंकि तब इसमें सफेद चीनी का इस्तेमाल बिल्कुल नहीं किया जाता था। उस समय लोग आमतौर पर शहद या फलों से प्राप्त होने वाली मिठास (जैसे अंगूर से बनने वाली शक्कर आदि) का इस्तेमाल पेस्ट्री को मीठा बनाने के लिए करते थे।





### स्वाद में हुए कई बदलाव

मध्य युग के दौरान अरब देश के वासियों के साथ शेष विश्व का संपर्क शुरू हुआ। इसका प्रभाव उनकी जीवनशैली और खान-पान में भी दिखने लगा। कई व्यंजनों में नई तरह की सामग्रियों को शामिल किया जाने लगा। पेस्ट्री भी इससे अछूती नहीं रही। आज पेस्ट्री बनाने में केसर, अदरक, लौंग जैसे मसाले और बादाम, पाइन नट जैसे मेवे इस्तेमाल किए जाते हैं, यह अरब वासियों की ही देन है।

### तरह-तरह की पेस्ट्री

आज दुनिया भर में पेस्ट्री कई तरह से बनाई जाती है। कुछ बेकर्स, पेस्ट्री में पनीर और मीट भरते हैं। कुछ मेकर्स पेस्ट्री को फलों के पेस्ट से कवर कर देते हैं। भूमध्यसागरीय क्षेत्र के देशों से लेकर यूरोपीय, एशियाई, दक्षिण अमेरिकी देशों में भी पेस्ट्री की ढेरों वैरायटीज मिलती हैं। प्राचीन मिस्रवासी साधारण शहद से बनी पेस्ट्री को खाते थे। क्रोइसेंट, डेनिश और स्ट्रूडल जैसी पफ पेस्ट्रीज को सॉफ्ट बनाने के लिए आटे की कागज जैसी पतली परतों का उपयोग किया जाता है, फिर इसे स्टीम में पकाया जाता है। क्रोइसेंट पेस्ट्री मूलतः ऑस्ट्रिया में बनाई गई, जो बाद में फ्रांस पहुंची और वहां आज भी खूब पसंद की जाती है। डेनिश पेस्ट्री वास्तव में एक फ्रांसीसी आविष्कार है, जो अब दुनिया के कई देशों में बनाई जाने लगी है। *




### दुनिया की सबसे बड़ी पेस्ट्री

दुनिया की सबसे बड़ी पेस्ट्री स्पेन की मंटेकाडोस ला मुराला बेकरी कंपनी द्वारा वर्ष 2013 में बनाई गई थी। यह पेस्ट्री 16.25 फीट लंबी, 7.87 फीट चौड़ी थी और इसका वजन 660 पाउंड था। गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में इसका नाम दर्ज है। पेस्ट्री की एक साथ सबसे अधिक संख्या में सर्विस किए जाने का रिकॉर्ड हंगरी देश के बुडापेस्ट में एक कार्यक्रम के दौरान हासिल किया गया था। वहां गेस्ट्स को 10,000 से अधिक पेस्ट्री परोसी गई थीं।

जानकारी / नयनतारा



# 12 राज्यों से होकर गुजरती है हिमसागर एक्सप्रेस

बच्चो, तुम सभी ने कभी न कभी ट्रेन की जर्नी जरूर की होगी। लंबी जर्नी के दौरान ट्रेन कई स्टेशनों, शहरों और कई बार तो कई राज्यों से होकर गुजरती है। जानो एक ऐसी ट्रेन के बारे में, जो भारत के सबसे अधिक राज्यों से होकर गुजरती है।




बच्चो, भारतीय रेलवे दुनिया का चौथा सबसे बड़ा रेलवे नेटवर्क है। यूएसए, चीन और रूस ही रेलवे नेटवर्क के मामले में भारत से आगे हैं। भारत में कुल 22,593 ट्रेन हैं, जिनमें से 13,000 से अधिक यात्री ट्रेन हैं, जो रोजाना चलती हैं। कई सारी ऐसी ट्रेनें भी अपने देश में चलती हैं, जो कुछ खास विशेषताओं के कारण प्रसिद्ध हैं। ऐसी ही एक ट्रेन है हिमसागर एक्सप्रेस।

**गुजरती है 12 राज्यों से:** हिमसागर एक्सप्रेस भारत की एक ऐसी ट्रेन है, जो 12 राज्यों से होकर गुजरती है। यह एक साप्ताहिक ट्रेन है, जो जम्मू-कश्मीर के श्रीमाता वैष्णो देवी कटरा से रवाना होकर तमिलनाडु के कन्याकुमारी तक पहुंचती है। इस दौरान यह ट्रेन जम्मू-कश्मीर, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, केरल और तमिलनाडु, इन 12 राज्यों से होकर गुजरती है और 66 प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर रुकती है। लगभग 73 घंटे में यह ट्रेन 3,791 किमी की दूरी तय करती है।

**नहीं तय करती है सबसे लंबी दूरी:** बच्चो, हिमसागर एक्सप्रेस के बारे में पढ़कर तुम्हें लग रहा होगा कि यह भारत में सबसे अधिक दूरी तय करने वाली ट्रेन होगी! लेकिन ऐसा नहीं है। हिमसागर एक्सप्रेस देश की तीसरी और दुनिया की 35वीं सबसे अधिक दूरी तय करने वाली ट्रेन है। भारत की सबसे लंबी दूरी तय करने वाली यात्री ट्रेन विवेक एक्सप्रेस है, जो डिब्रूगढ़ (असम) से कन्याकुमारी के बीच कुल 4153 किमी. का सफर तय करती है। यह ट्रेन 9 राज्यों से होकर गुजरती है। इस तरह अधिक दूरी तय करने के बावजूद विवेक एक्सप्रेस, हिमसागर एक्सप्रेस से कम राज्यों से होकर गुजरती है।

कभी तुम्हें मौका मिले तो अपने पैरेंट्स के साथ इस ट्रेन में सफर करना। यह अमेजिंग जर्नी तुम कभी नहीं भूल पाओगे। *

कविता / दिशा ग्रोवर

## आओ घूमें गोल-गोल

धरती घूमे गोल-गोल
चंदा घूमे गोल-गोल।
आओ बच्चों सब मिलकर
हम भी घूमें गोल-गोल।
हम जो घूमें गोल-गोल
सर भी घूमा गोल-गोल।
संभलो-संभलो देखो तो
हुए-हुए हम रोल-पोल।

चक्कर खाके गोल-गोल।
छोटू-मुन्नू गोल-गोल।
हंसते-हंसते बोले फिर,
घूमेंगे हम गोल-गोल।
धरती घूमे गोल-गोल
चंदा घूमे गोल-गोल।
कभी न गिरते वे देखो
ऐसे घूमें गोल-गोल।




एआई इमेज



कहानी
सरस्वती रमेश

अपने नए स्मार्ट फोन के फीचर्स सीखने के लिए दादा जी बार-बार शिवम को बुलाते। इससे शिवम खीझने लगा। शिवम के पापा ने उसे दादा जी से खीझते हुए देख लिया। उन्होंने शिवम को कुछ ऐसी बात बताई, जिसके बारे में जानकर उसे अपने व्यवहार पर पछतावा हुआ। वो बात आखिर क्या थी?

# सॉरी दादा जी!



एआई इमेज

शिवम सिक्स्थ क्लास में पढ़ता है। पढ़ाई में तो वह बहुत तेज है ही, लैपटॉप और मोबाइल के ढेर सारे फीचर्स भी जानता है। हाल ही में शिवम के पापा ने उसके दादा जी को एक स्मार्ट फोन दिलाया है। मोबाइल ऑपरेट करने के बारे में कई बातें उन्हें समझा भी दी हैं। जैसे कॉल रिसीव करना, किसी को कॉल लगाना, मैसेज भेजना, फोटो खींचना, और भी बहुत कुछ। मगर दादा जी की अंगुलियां अकसर गलत एप पर टच हो जाती हैं। पापा जी और मम्मी जी तो दिन में ऑफिस चले जाते हैं। फिर दादा जी की मुश्किल कैसे हल हो? दादा जी आवाज लगाते, 'बेटा शिवम, जरा देखना तो यह क्या हो गया मेरे फोन में?'

'जी दादा जी, अभी देखता हूं।' शिवम पलक झपकते ही दादाजी की प्रॉब्लम सॉल्व करते हुए कहता, 'क्या दादा जी आपको इतना भी नहीं पता?'

कभी-कभी दादा जी शिवम की बातों पर झेंप जाते। लेकिन फिर सोचते, 'ठीक ही तो कह रहा है। सिर्फ अंगुली ही तो टीपनी, सरकानी है। वो भी मुझे नहीं समझ आता है।'

एक दिन दादा जी मोबाइल में कुछ देख रहे थे। अचानक उन्हें याद आया, आज तो बीस जनवरी है। मुनमुन का जन्मदिन! मुनमुन उनकी बेटी हैं। वह लखनऊ में रहती हैं। उन्होंने सोचा क्यों न उसे वीडियो कॉल करके जन्मदिन की बधाई दे दी जाए। दादा जी ने बड़े उत्साह से फोन उठाया। स्क्रीन का लॉक खोला। मगर ये क्या क्लिक हो गया। स्क्रीन पर एक रोबोटनुमा आदमी का वीडियो सामने आया। वह बंदूक से ताबड़तोड़ फायर करने लगा। फायरिंग की आवाज इतनी तेज थी कि वे घबराने लगे। उन्होंने फौरन शिवम को आवाज लगाई। शिवम दौड़ता हुआ आया और मोबाइल की तरफ देखते हुए बोला, 'अरे दादा जी, आपने वीडियो गेम ऑन कर दिया है। हमेशा गलत आइकन टच कर देते हैं। फिर मुझे बुलाते हैं।' शिवम की आवाज में खीझ साफ झलक रही थी। असल में उसे दादा जी को बार-बार एक ही चीज समझाने का मन नहीं करता था।

'बेटा, मैं तुम्हारी बुआ को वीडियो कॉल कर रहा था।' दादा जी ने सकुचाते हुए कहा।

शिवम ने एक सेकेंड में बुआजी को वीडियो कॉल लगाकर दादाजी को फोन पकड़ा दिया। मगर उसकी बातों और उसके व्यवहार से दादा जी का बात करने का सारा उत्साह ठंडा हो गया था।

शिवम दादा जी को फोन पकड़ा कर अपने कमरे में चला गया। तभी दादाजी की नजर गेट पर खड़े शिवम के पापा पर पड़ी। असल में शिवम के पापा ने दोनों के बीच हुई सारी बातें सुन ली थीं। वे सीधे शिवम के कमरे में पहुंच गए। अलमारी से कुछ पेपर्स निकाले, फिर शिवम को दिखाने लगे, 'जब तुम छोटे थे तब तुम्हारी मांसपेशियों में कमजोरी बहुत थी। तुम ठीक समय पर चल नहीं सके थे। तब डॉक्टर ने तुम्हारे पैरों की रोज मालिश और चलने की प्रैक्टिस करने की सलाह दी। मुझे और तुम्हारी मम्मी को तो ऑफिस के काम से फुर्सत ही नहीं मिलती थी। तब तुम्हारे दादा जी ही रेग्युलर तुम्हारे पैरों की मालिश करते थे। तुम्हें घंटों अंगुली पकड़कर चलना सिखाते थे। कमजोर होने के कारण तुम बहुत जल्दी थक जाते थे। इसलिए दादा जी रुक-रुक कर पूरे धैर्य से तुम्हारे साथ लगे रहते थे। सोचो, अगर तुम्हारे गिरने या रुकने से दादा जी भी उसी तरह खीझ जाते, जिस तरह तुम उन्हें मोबाइल के फीचर्स बताते हुए खीझते हो, तो तुम आज कैसे अपने पैरों पर खड़े हो पाते?'

पापा की बात सुनकर शिवम को धक्का लगा। उसे अब अपनी गलती का एहसास हुआ, वह उदास स्वर में बोला, 'सॉरी पापा जी, मुझे दादा जी से इस तरह नहीं बात करनी चाहिए थी।'

'सॉरी मुझे नहीं दादा जी को बोलो' पापा ने कहा।

शिवम फौरन दादा जी के पास दौड़ते हुए पहुंचा और बोला, 'सॉरी दादाजी। आज से आप चाहे जितनी बार मुझे बुला लेना। मैं खुशी से आपको मोबाइल चलाना सिखाऊंगा।'

दादा जी को शिवम के बदले बर्ताव की वजह समझते देर न लगी। उन्होंने फौरन शिवम को अपने गले लगा लिया। *

कविता
राजा चौरसिया



एआई इमेज

## हाथी और मच्छर

पप्पू बोला-बड़े ध्यान से
अपने दोनों कान लगाना।
ये है मच्छर वो है हाथी
अंतर मुझको अभी बताना।
डील-डौल की बात छोड़कर
अंतर कोई और बताओ।
अपनी आज अकल का घोड़ा
जितना दौड़ सके दौड़ाओ।
मुन्नू बोला हाथी, मच्छर
में यह अंतर मेरे साथी।
हाथी को मच्छर काटे पर
मच्छर को ना काटे हाथी।

## जीके क्विज-195

1. हाल ही में केरल राज्य का नाम बदलकर किस नाम का प्रस्ताव किया गया है?
2. हाल ही में किस भारतीय क्रिकेट खिलाड़ी को यूनाइटेड नेशंस ने 'रोड सेफ्टी के लिए ग्लोबल चैंपियन' चुना है?
3. हाल ही में नीदरलैंड के सबसे युवा प्रधानमंत्री कौन बने हैं?
4. विश्व गौरैया दिवस कब मनाते हैं?
5. हवाई जहाज के ब्लैक बॉक्स का रंग कैसा होता है?
6. पौधे वायुमंडल से कौन सी गैस अवशोषित करते हैं?
7. मानव शरीर में खून साफ करने का काम किस अंग का है?
8. उड़ने वाले गुब्बारे में कौन सी गैस भरी जाती है?
9. विश्व का सबसे छोटा महासागर कौन-सा है?
10. भारत का नेपोलियन किसे कहा जाता है?



बच्चो, जीके क्विज-195 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-194 का उत्तर :** 1.चैत्र, 2.राशिद खान, 3.22 मार्च, 4.ओडिशा, 5.ए.पी.जे. अब्दुल कलाम, 6.जमशेदपुर, 7.तांबा और टिन, 8.महेश दास, 9.मत्स्य उत्पादन, 10.हाइड्रोजन

**जीके क्विज-194 का सही उत्तर देने वाले :** कबीर-हिसार, अनाया-ईमेल से, निखिल-सक्ती, ज्योति-बैकुंठपुर, रमेश-रायगढ़, ऊर्जस्वी-सारंगढ़ बिलाईगढ़, सरोज-रायपुर, केशव-दुर्ग, तमन्ना-बिलासपुर, हर्षित-रोहतक, साकेत-महेंद्रगढ़

## परछाई पहचानो


बच्चो, यहां बाईं तरफ एक बियर (भालू) का चित्र दिया गया है। चित्र के दाईं तरफ कुछ परछाइयां भी दी गई हैं। ध्यान से देखकर बताओ, दिए गए चित्र की सही परछाई कौन-सी है?




उत्तर: 3

## रास्ता बताओ

बच्चो, यहां दिए गए चित्र में एक डकलिंग (बतख का बच्चा) अपनी मां से बिछड़ गया है। तुम उसे उसकी मां और भाई-बहनों तक पहुंचने का सही रास्ता बताओ तो जरा।



## खबर संक्षेप

### रॉड से हमला करने वाले 3 आरोपित गिरफ्तार

**नारनौल।** थाना नांगल चौधरी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए गांव सिरोही बहाली में एक व्यक्ति पर लोहे की रॉड व पाइप से हमला करने के मामले में तीनों नामजद आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से वारदात में इस्तेमाल किए गए लोहे के पाइप व रॉड भी बरामद कर लिए हैं। शिकायतकर्ता शेरसिंह निवासी सिरोही बहाली ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि 24 फरवरी की शाम उसके ही गांव के सिद्धार्थ, लोकेश व नरेन्द्र ने उसे रोककर पहले बेवजह गाली गलौज की और बाद में शनि मंदिर के पास उस पर लोहे की रॉड और पाइप से जानलेवा हमला कर दिया। इस हमले में शेरसिंह के हाथ व पैर टूट गए थे।

### गगन दायमा बने नांगल चौधरी मंडल के महामंत्री

**नांगल चौधरी।** भाजपा मंडल के प्रधान कर्मबीर सिंह की अध्यक्षता में कार्यकर्ताओं की बैठक संपन्न हुई। जिसमें सरकार की नीतियों व उपलब्धियों को जन जन तक पहुंचाने की रूपरेखा बनाई गई। इसके बाद गगन दायमा को मंडल महामंत्री का कार्यभार सौंपा गया। जिले में स्वास्थ्य सुविधाएं मजबूत होने पर उन्होंने मुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव का आभार जाताया। उन्होंने बताया कि भाजपा में कर्मठ कार्यकर्ताओं को संगठन में दायित्व सौंपने की परंपरा बनी हुई है। गगन दायमा ने पार्टी हितों को प्राथमिकता देते हुए जन जन तक सरकार की नीतियों को पहुंचाने में बड़ा योगदान दिया है।

### महिला ने दर्ज कराया दहेज प्रताड़ना का केस

**नारनौल।** क्षेत्र के गांव जाट गुवाना में दहेज प्रताड़ना का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने शिकायकर्ता के पति के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव जाट गुवाना निवासी कोमल ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में दी शिकायत दी में बताया कि उसकी शादी 22 फरवरी 2023 को झज्जर जिले के गांव दुजाना निवासी राकेश के साथ हिंदू रीति-रिवाज से हुई थी। शादी में परिवार ने अपनी सामर्थ्य से अधिक करीब 10 लाख रुपये खर्च कर दान-दहेज और घरेलू सामान दिया था। पीड़िता का आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद ही पति राकेश ने दहेज कम लाने को लेकर उसे मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। आरोपी बार-बार मोटरसाइकिल और पांच लाख रुपये की मांग करता था। विरोध करने पर मारपीट कर जान से मारने की धमकी देता था।

### नांगल मोहनपुर की शांति देवी का निधन

**महेंद्रगढ़।** गांव नांगल मोहनपुर की शांति देवी धर्मपत्नी स्वर्गीय पंडित जुगल किशोर शर्मा का 82 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उनके बेटे नवीन शर्मा ने बताया कि उसकी माता शांति देवी बहुत ही सामाजिक व मिलनसार महिला थी, वह अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़कर गई है। इनकी रस्म पगड़ी 13 मार्च को रखी गई है। इनकी शोक सभा में डॉ. सुरेश कुमार, लालचंद शर्मा, त्रिलोक शर्मा, ओमप्रकाश शर्मा, डॉक्टर राकेश शर्मा, गौड़ ब्राह्मण सभा के उपप्रधान बुद्धि प्रकाश शर्मा, उमादत्त कौशिक व आसपास के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## नारनौल क्षेत्र में हर्षोल्लास से मनाया गया धुलंडी पर्व

# शहर व गांवों की गलियों में दिनभर रही धुलंडी की धूम, डीजे की धुन पर झूमे

- रंगों से सुबह से सराबोर नजर आए बच्चे, युवा एवं नर–नारियां
- नशेड़ियों व शराबियों पर नजर रखने के लिए पुलिस रही सतर्क, जगह–जगह की गई नाकेबंदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

क्षेत्र में धुलंडी का पर्व पूरे हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। सुबह होते ही शहर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में लोग रंगों में सराबोर नजर आए। बच्चे, युवा और महिलाएं एक-दूसरे को गुलाल लगाकर धुलंडी की शुभकामनाएं देते दिखाई दिए। शहर के विभिन्न मोहल्लों, कॉलोनियों और बाजारों में सुबह से ही रंगों की मस्ती शुरू हो गई थी। बच्चों ने पिचकारियों से रंग बरसाए, जबकि युवाओं की टोलियां ढोल और डीजे की धुन पर नाचते-गाते हुए एक-दूसरे को रंग लगाती नजर आईं। कई स्थानों पर युवाओं ने चौक-चौराहों और खाली मैदानों में डीजे लगाकर सामूहिक रूप से धुलंडी का उत्सव मनाया। इस दौरान युवक गुलाल उड़ाते हुए होली के गीतों पर जमकर थिरकते दिखाई दिए। महिलाओं ने भी उत्साह के साथ इस पर्व को मनाया। कई कॉलोनियों और मोहल्लों में महिलाओं ने एकत्र होकर एक-दूसरे को गुलाल लगाया और पारंपरिक गीतों के साथ होली की खुशियां साझा कीं। लोगों ने एक-दूसरे के घर जाकर मिठाइयां खिलाईं और पर्व की बधाई दी। ग्रामीण क्षेत्रों में भी धुलंडी की अलग ही रौनक देखने को मिली। गांवों की चौपालों और गलियों में युवाओं की टोलियां ढोलक की थाप पर फाग गीत गाती नजर आईं। बुजुर्गों ने भी एक-दूसरे को गुलाल लगाकर आपसी भाईचारे और सौहार्द का संदेश दिया।



**नारनौल।** होली के रंगों में रंगे नजर आए गणमान्य नागरिक।

### सिहमा में प्राकृतिक होली मिलन समारोह मनाया

**मंडी अटेली।** होली पर्व के उपलक्ष्य में सिहमा स्थित बाबा खेतानाथ प्राकृतिक चिकित्सालय में प्राकृतिक होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के नागरिकों, रोगियों तथा प्रकृति चिकित्सा से जुड़े लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और प्राकृतिक तरीके से होली मनाने का संदेश दिया। इस मौके पर प्राकृतिक चिकित्सक सुरेंद्र सिहमा ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण प्राकृतिक औषधियुक्त मिट्टी स्नान मडबाथ रहा। इसमें उपस्थित लोगों को प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति के माध्यम से स्वास्थ्य लाभ की जानकारी दी गई। चिकित्सालय की टीम ने बताया कि मिट्टी स्नान शरीर से विषैले तत्वों को बाहर निकालने, त्वचा रोगों में लाभ पहुंचाने तथा शरीर को प्राकृतिक रूप से ऊर्जावान बनाने में सहायक होता है। योग एवं प्राकृतिक जीवनशैली मार्गदर्शक सत्यपाल यादव ने कहा कि बढ़ती बीमारियों से बचने के लिए प्राकृतिक जीवनशैली अपनाना बेहद आवश्यक है। उन्होंने बताया कि नियमित योग, संतुलित आहार और प्राकृतिक उपचार पद्धतियां व्यक्ति को शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि होली जैसे त्योहारों पर रसायनिक रंगों से बचते हुए प्राकृतिक रंगों और पारंपरिक तरीकों से ही त्योहार मनाएं। साथ ही उन्होंने कहा कि प्रकृति के करीब रहकर जीवन जीना ही सच्चे स्वास्थ्य की कुंजी है। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में प्राकृतिक चिकित्सा के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना रहा। अंत में सभी ने आपसी भाईचारे, स्वास्थ्य जागरूकता और प्राकृतिक जीवनशैली के संदेश के साथ प्राकृतिक होली उत्सव मनाया।

## हवन में आहुति डाल प्राकृतिक रंगों से तिलक लगा खेली होली



महेंद्रगढ़। हवन करते हुए।

**महेंद्रगढ़।** स्वामी ब्रह्मानंद योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा ट्रस्ट बुचोली रोड नजदीक यदुवंशी स्कूल में एक दिवसीय प्राकृतिक धुलंडी मिलन समारोह आयोजित किया गया। पिछले 14 वर्षों से निरंतर चले आ रहे प्राकृतिक होली धुलंडी मिलन कार्यक्रम में हर वर्ष की भांति इस बार भी केमिकल युक्त रंगों से दूर प्राकृतिक स्वास्थ्यवर्धक मनभावक होली धुलंडी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हवन के साथ इस कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमें विधायक कंवर सिंह यादव ने भाग लेकर सभी को धुलंडी पर्व की शुभकामना दी। इस कार्यक्रम में अनहद शक्ति फाउंडेशन की पूरी टीम एवं सभी प्राकृतिक योग प्रेमियों ने आहुति के साथ शांति सोहार्द एवं विश्व कल्याण के लिए प्रार्थना की। इस कार्यक्रम में विशेष प्राकृतिक औषधियों से युक्त मड् बाथ मिट्टी स्नान व केसर तिलक लगाकर एवं पुष्प वर्षा के साथ इस का सफल आयोजन हुआ। साथ ही भारतीय सनातन पुरातन संस्कृति के उत्थान के लिए संगोष्ठी का आयोजन भी किया गया, जिसमें शिक्षाविदों और क्षेत्र के लोगों ने अपने विचार साझा किए। विधायक कंवर सिंह सिंह ने बताया कि ऐसे सात्त्विक कार्यक्रम संपूर्ण देश में होने चाहिए और इस तरह के कार्यक्रम से जुड़कर युवा अपनी परंपरा को जीवित लंबे समय तक रख सकते हैं। साथ ही महिलाओं के लिए औषधियुक्त उबटन की और सभी के लिए प्राकृतिक पौष्टिक आहार की व्यवस्था के साथ मनोरंजन के लिए राजस्थानी फाग प्रोग्राम का भी आयोजन हुआ।

#### प्रकृति से जुड़ें

मुख्य चिकित्सा प्रभारी डॉ. भंवर सिंह कसाना ने बताया कि इन्हीं कार्यक्रमों के माध्यम से प्रकृति से जुड़कर हम अपनी संस्कृति की ओर पुनः लोट सकते हैं। अंत में संस्था के प्रधान कैप्टन राजेंद्र सिंह ने सभी आगंतुकों का आभार प्रकट किया व निवेदन किया कि आगे भी आप समय-समय पर आकर प्राकृतिक चिकित्सा का लुफ्त उठाते रहे। इस अवसर पर सांस्कृतिक अहीरवाल के निदेशक सत्यव्रत शास्त्री, राजेंद्र उनींदा, वेदांत न्यूरो केंद्र सिहमा से डॉ रोहताश, डॉ मनीष सीहमा, नीरज मेदार्थी, प्रो सुभाष चंद्र शर्मा, कप्तान सज्जन, महिला चिकित्सक कृष्णा कसाना व संस्था के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## बाला जी मंदिर में युवाओं को भारतीय संस्कृति अपनाने का किया आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नांगल चौधरी

नपा के वार्ड 11 में धुलेंडी के अवसर पर बालाजी मंदिर में उत्सव आयोजित किया गया। जिसमें समाजसेवी सुधीर चौधरी व नपा के वाइस चेयरमैन मुकेश शर्मा मुख्य रूप से मौजूद रहे। उन्होंने मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शुभारंभ किया। इसके बाद युवाओं को भारतीय संस्कृति का अनुसरण करने के लिए प्रेरित किया। भारतीय संस्कृति के सिरमौर होने का दूसरा कारण ग्रामीण मेले हैं, जिनसे युवाओं को प्राचीन परंपराओं से रूबरू होने का अवसर मिलता है। शहर के वार्ड 11 ढाणी कुंभावाली में धुलेंडी पर चौंच वाले मंदिर में मेला आयोजन की परंपरा बनी हुई है। गायक कलाकार तरुण बालियान, सुरेश बेनीवाल, टीना पटोदी, छाया चौधरी ने भजनों के माध्यम से युवाओं को सामाजिक बुराइयां मिटाने का संदेश दिया। इस मौके पर नंदलाल, भवानी शंकर जोशी आदि मौजूद रहे।



**नांगल चौधरी।** सुधीर चौधरी को सम्मानित करती मेला कमेटी। फोटो : हरिभूमि

## लीगल एड जागरूकता वैन को किया रवाना

### वैन जिले के दूरदराज के गांवों में जाकर लोगों को करेगी जागरूक: नीलम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

नागरिकों को उनके कानूनी अधिकारों व सरकार की ओर से दी जाने वाली निःशुल्क विधिक सेवाओं के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से वीरवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी नीलम कुमारी ने एडीआर सेंटर से जागरूकता मोबाइल प्रचार वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर सीजेएम नीलम कुमारी ने कहा कि यह वैन जिले के दूरदराज के गांवों में जाकर लोगों को जागरूक करेगी। वैन के माध्यम से निःशुल्क विधिक सहायता, लोक अदालत, मध्यस्थता, महिला एवं बाल अधिकार, वरिष्ठ नागरिकों के अलावा नालसा व हालसा की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि जागरूकता के साथ साथ युवाओं को नशा मुक्त अभियान से जोड़ने पर विशेष जोर दिया जाएगा।




**नारनौल।** जागरूकता मोबाइल प्रचार वैन को रवाना करती सीजेएम नीलम कुमारी।

#### 14 को लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी नीलम कुमारी ने बताया कि आगामी 14 मार्च को नारनौल, महेंद्रगढ़ व कनीना में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इस लोक अदालत में पारिवारिक विवाद, चेक बाउंस, सड़क दुर्घटना दावे एवं अन्य आपसी विवादों का आपसी समझौते से निपटारा किया जाएगा। उन्होंने आमजन से आह्वान किया कि वे लोक अदालत में अधिक से अधिक अपने केस से संबंधित फाइल लगवाएं।



**नारनौल।** नागरिकों की शिकायतें सुनते सीटीएम डॉ. मंगल सेन। फोटो : हरिभूमि

## समाधान शिविर में 15 नागरिकों की सीटीएम ने सुनीं समस्याएं

**नारनौल।** सरकार के निर्देश अनुसार लघु सचिवालय स्थित मीटिंग हॉल में वीरवार को समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान सीटीएम डॉ. मंगलसेन ने मौके पर पहुंचे व 15 नागरिकों की समस्याएं सुनी। इस अवसर पर शिविर में पीपीपी से संबंधित शिकायतों का डेस्क लगाकर निपटारा किया गया। सीटीएम ने कहा कि परिवार पहचान पत्र केवल एक दस्तावेज नहीं, बल्कि वास्तविक लाभार्थियों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने का सबसे सशक्त माध्यम है। इसमें किसी भी प्रकार की त्रुटि पात्र व्यक्ति को लाभ से वंचित कर सकती है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सीटीएम ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जिन शिकायतों का समाधान मौके पर संभव नहीं है, उनका रिकॉर्ड डिजिटल पोर्टल पर दर्ज किया जाए। इस मौके पर डीएसपी भारत भूषण, जिला राजस्व अधिकारी राकेश कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## वकीलों ने सीटीएम को सौंपा ज्ञापन

### अटेली मंडी तहसील परिसर की जर्जर स्थिति पर रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

जिला बार एसोसिएशन ने अटेली मंडी तहसील परिसर व बीडीपीओ कार्यालय परिसर की जर्जर स्थिति, गंदगी व वॉशरूमों की दुर्दशा के संबंध में ज्ञापन सीटीएम डॉ. मंगल सेन को सौंपा। ज्ञापन में दोनों परिसरों में टाइलिंग कार्य करवाने, कूड़ा-करकट उठवाकर नियमित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने, वॉशरूम की सफाई व मरम्मत के लिए शीघ्र आवश्यक कदम उठाने की मांग की। इस अवसर पर प्रधान संतोख सिंह यादव, संयुक्त सचिव चंद्रदेव यादव, कोषाध्यक्ष सुगन सिंह व लाइब्रेरियन परमिंद्र यादव उपस्थित रहे। प्रधान संतोख सिंह यादव ने बताया कि इस विषय को इससे पहले भी उपायुक्त के संज्ञान में लाया गया था। इसके पश्चात बीडीपीओ अटेली मंडी व पंचायत समिति के अध्यक्ष के साथ मौके पर जाकर स्थिति का निरीक्षण भी किया था।



**नारनौल।** सीटीएम डॉ. मंगल सेन को ज्ञापन सौंपते अधिवक्ता। फोटो : हरिभूमि

प्रधान ने कहा कि बार एसोसिएशन ने जनसुविधा व स्वच्छता के इस मुद्दे को एक बार फिर गंभीरता से उठाया है और आशा व्यक्त की कि प्रशासन शीघ्र कार्रवाई करेगा, ताकि तहसील व बीडीपीओ कार्यालय आने वाले नागरिकों को स्वच्छ व सुगम वातावरण प्राप्त हो सके।

## कृषि विज्ञान केंद्र ने मोड़ी में मनाया खेत दिवस

### उन्नत कृषि क्रियाओं को अपनाएं किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा अनुसूचित जाति उप परियोजना जोधपुर के अंतर्गत वीरवार को गेहूं की फसल पर गांव मोड़ी में खेत दिवस आयोजित किया गया। इस दौरान केंद्र वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. अशोक ढिल्लो ने किसानों को कृषि परिवेश के बदलते स्वरूप के अनुसार वैज्ञानिकों की सलाह से उन्नत कृषि क्रियाओं को अपनाने के लिए जोर दिया, जिससे किसानों की आमदनी बढ़ सके। खेत दिवस के आयोजक एवं पौध रोग वैज्ञानिक डॉ. नरेंद्र यादव ने किसानों को गेंहू की फसल को बिजाई के समय बीज उपचार तथा बाद में उनमें लगने वाले रोगों के लक्षण विशेष रूप से पीला रतवा के प्रकोप के बचाव के लिए प्रोपिकोनाजोल 200 मिलीलीटर दवा को 200 लीटर पानी में घोल बनाकर प्रति एकड़ छिड़काव करने की सलाह दी और इस समय हल्की सिंचाई करने की जानकारी दी। केंद्र की वैज्ञानिक डॉ. पूनम यादव ने किसानों को परंपरागत खेती के साथ-साथ कृषि विविधिकरण के अंतर्गत मशरूम, मधुमक्खी और डेयरी पालन ओर केंद्र में होने वाली विभिन्न ट्रेनिंग में जुड़ने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान किसानों को गेहूं की फसल के प्रदर्शन प्लांट, 826 किस्म का अवलोकन भी करवाया गया। लगभग 40 किसानों ने भाग लिया।

### हरियाणा की 37 सरकारी पॉलिटेक्निक संस्थाओं की निकली रैंकिंग

# बाबा खेतानाथ पॉलिटेक्निक को प्रदेश में छठा स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

बाबा खेतानाथ गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक ने पूरे हरियाणा की 37 सरकारी पॉलिटेक्निक संस्थाओं में शानदार छठा स्थान प्राप्त कर शिक्षा जगत में अपनी मजबूत पहचान दर्ज कराई है। इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए संस्थान को सर्टिफिकेट ऑफ एप्रिशिएशन प्रदान कर सम्मानित किया गया। यह संस्थान गुणवत्ता, अनुशासन, प्लेसमेंट और शैक्षणिक उत्कृष्टता के क्षेत्र में निरंतर प्रगति करता हुआ शीर्ष संस्थानों की श्रेणी में आ खड़ा हुआ है। इस अवसर पर हरियाणा सरकार के उच्च शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा मुख्य अतिथि थे तथा राज्यमंत्री एवं युवा खेल मंत्री गौरव गौतम, तकनीकी शिक्षा के अतिरिक्त मुख्य सचिव विनीत गर्ग तथा महानिदेशक तकनीकी शिक्षा विभाग प्रभजोत सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे।



**नारनौल।** मंत्री से सर्टिफिकेट प्राप्त करते प्रधानाचार्य अनिल यादव। *फोटो : हरिभूमि*

#### उच्च शैक्षणिक गुणवत्ता से मिली पहचान

संस्थान की ओर से यह सम्मान प्रधानाचार्य इंजीनियर अनिल यादव एवं ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर अनिल कुमार यादव ने विधिवत ग्रहण किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य ने कहा कि यह सफलता केवल रैंकिंग नहीं, बल्कि वर्षों की मेहनत, शिक्षकों की प्रतिबद्धता, स्टाफ की मेहनत और विद्यार्थियों के अनुशासित प्रयासों का परिणाम है। गौरतलब है कि पूरे हरियाणा में कुल 37 पॉलिटेक्निक संस्थान कार्यरत हैं, जिनमें से छठा स्थान प्राप्त करना किसी भी दृष्टि से साधारण उपलब्धि नहीं है। यह रैंकिंग संस्थान की शैक्षणिक गुणवत्ता, प्रशिक्षण व्यवस्था, औद्योगिक सहयोग, प्लेसमेंट रिकॉर्ड, खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी और समग्र विकास को दर्शाती है। स्थानीय नागरिकों, पूर्व छात्रों और अभिभावकों ने भी इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया है। क्षेत्र के शिक्षा प्रेमियों का मानना है कि यह सफलता आने वाले समय में संस्थान को और ऊंचाइयों तक ले जाएगी तथा क्षेत्र के युवाओं को बेहतर तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार के अवसर उपलब्ध कराएगी।

## पीपीपी व पेंशन की समस्याएं रखीं

### डीसी ने दिए तत्काल समाधान करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

डीसी कैप्टन मनोज कुमार की अध्यक्षता में वीरवार को लघु सचिवालय स्थित एसडीएम कोर्ट रूम में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ भी मौजूद रही। समाधान शिविर में शिकायतें सुनने के दौरान डीसी ने आमजन से कहा कि समाधान शिविर शिकायतों के निदान का केंद्र बन रहे हैं, ऐसे में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार जिला व उपमंडल स्तर पर आयोजित किए जा रहे समाधान शिविरों में लोग अपनी शिकायतों के निवारण के लिए पहुंच सकते हैं। समाधान शिविर में कुल 17 समस्याएं रखी गई। डीसी ने समाधान शिविर में आई परिवार पहचान पत्र, पेंशन, गली निर्माण, अवैध कब्जे, बिजली विभाग, सड़क निर्माण संबंधित शिकायतों को विभाग के अधिकारियो को तय समय में समाधान करवाकर समाधान प्रकोष्ठ पोर्टल पर रिपोर्ट दर्ज करने के निर्देश दिए।



**सूचना**

मैं, लीलावती विधवा श्री महाबीर प्रसाद निवासी ग्राम टांकडी तहसील बावल, जिला रेवाड़ी बयान करती हूं कि मेरा पुत्र ऋषिकान्त शर्मा व मेरी पुत्रवधु नीलम शर्मा मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिए मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप



### बिजली ट्रांसफार्मर खराब होने से परेशानी, आरडब्ल्यूए ने की ठीक कराने की मांग

**धारूहेड़ा।** सेक्टर-4ए में लगे दो बिजली ट्रांसफार्मरों की हालत दयनीय बनी हुई है। इनके अधीन आने वाले उपभोक्ताओं के उपकरण फॉल्ट हो रहे हैं। सेक्टर के लोगों ने निगम अधिकारियों से ट्रांसफार्मर ठीक कराने की मांग की है। सेक्टर-4ए की आरडब्ल्यूए के प्रधान नरेंद्र यादव और सचिव भारत भूषण राणा ने निगम के एसडीओ के नाम लिखे पत्र में बताया कि सेक्टर में पार्क और एक मकान के पास दो ट्रांसफार्मर लगे हुए हैं। उनकी एक-एक रॉड खराब पड़ी हैं। निगम के कर्मचारी जली हुई रॉड पर ही तार जोड़कर चले जाते हैं, जिससे बिजली बार-बार फॉल्ट हो जाती है। लोगों के बिजली के उपकरण शार्ट सर्किट होने से खराब होते रहते हैं। तीन दिन से ट्रांसफार्मर से एक फेज में बिजली की आपूर्ति नहीं हो रही है, जिससे उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने एसडीओ से दोनों ट्रांसफार्मर दुरुस्त कराने की मांग की है, ताकि लोगों को सुचारू रूप से बिजली मिलती रहे।

### जिले में एक मार्च को आनी थी जेएलएन नहर

# शेड्यूल से चार दिन लेट पहुंचा नहर में पानी, टैंकों में स्टोरेज करना शुरू





रेवाड़ी। वीरवार को नहर आने के बाद कालाका वाटर वर्क्स जाता पानी तथा शहर में जेएलएन नहर में आया पानी। *फोटो : हरिभूमि*

- 24 दिन में नहर बंद रहने का शेड्यूल फिर गड़बड़ाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

वीरवार शाम को जिले में जेएलएन नहर में पानी आना शुरू हो गया है। जिले में 24 दिन में नहर बंद रहने का शेड्यूल फिर गड़बड़ा गया है। इस बार नहर शेड्यूल से 4 दिन लेट 28 दिन में पहुंची है। जनस्वास्थ्य विभाग की ओर से नहर आने पर वाटर स्टोरेज टैंकों को भरने का कार्य शुरू कर दिया गया है। वाटर टैंकों में पानी का स्तर बढ़ने के बाद रविवार से शहरवासियों को पानी की नियमित सप्लाई दी जाएगी। इससे पहले पिछले 25 दिन से लोगों को राशनिंग करके पानी की सप्लाई दी जा रही थी। गर्मी के दस्तक देने के साथ ही शहर में पानी की किल्लत भी शुरू हो गई है। 5 फरवरी को जेएलएल नहर में पानी आना बंद हो गया था। खूबड़ू हैंड से 3 मार्च को पानी छोड़ा गया था, जिसके बाद वीरवार को शहर में पानी पहुंच गया है। एक दशक से जन स्वास्थ्य विभाग स्टोरेज की क्षमता कम होने के कारण गर्मी के मौसम में पानी की आपूर्ति अल्टरनेट-डे करता आ रहा है। जेएलएन नहर में पहले 1 मार्च को पानी छोड़ा जाना था।

**मिलेगी नियमित सप्लाई**

जेएलएन नहर में पानी आना शुरू हो गया है। नहर आने पर वाटर टैंकों में पानी स्टोरेज करना शुरू कर दिया गया है। टैंकों में वाटर स्तर बढ़ने के साथ ही शहरवासियों को नियमित पानी सप्लाई दी जाएगी।
**-सुनील कुमार, जेई, जनस्वास्थ्य विभाग।**

#### वाटर टैंकों की कम पड़ रही स्टोरेज क्षमता

कालाका और लिसाना दोनों वाटर वर्क्स प्लांटों की स्टोरेज क्षमता शहर की आबादी के लिए कम पड़ने लगी है। इसके लिए अब नए वाटर वर्क्स की आवश्यकता है। कालाका वाटर वर्क्स के पांच टैंकों की क्षमता 950 गैलन पानी स्टोरज की है, जबकि लिसाना के दो वाटर टैंकों की क्षमता 340 गैलन व एक नए वाटर टैंक की पानी स्टोरेज क्षमता 32 करोड़ 640 लाख लीटर है। नहरी पानी का शेड्यूल 16-24 दिन का चल रहा है यानि 16 दिन नहर में पानी आता है और 24 दिन नहर बंद रहती है। शहर में प्रतिदिन 30 एमएलडी से ज्यादा पानी की खपत होती है। कालाका वाटर वर्क्स से प्रतिदिन 22.5 एमएलडी व लिसाना से 5.32 एमलडी पानी की आपूर्ति होती है।

#### नई वाटर वर्क्स योजना अभी अधर में

शहरवासियों की पानी की किल्लत दूर करने के लिए जनस्वास्थ्य विभाग की ओर से लंबे समय से प्रयास किए जा रहे है। रामगढ़-भगवानपुर में 10 एकड़ में नया वाटर वर्क्स बनाने को लेकर मंजूरी मिल चुकी है, जिसके लिए 30 करोड़ का बजट मंजूर हो चुका है और वाटर वर्क्स निर्माण के लिए टेंडर भी किया जा चुका है, लेकिन वाटर वर्क्स निर्माण की फाईल अभी चंडीगढ़ में अटकी हुई है। इसके अलावा भाड़ावास रोड स्थित गांव जाटूवास में नगर परिषद की जमीन पर वाटर टैंकों के निर्माण के लिए प्रयास किए जए रहे है, जिसके लिए पिछले दिनों हाउस की बैठक में प्रपोजल पास किया जा चुका है।

## खबर संक्षेप



### कर्मचारी कॉलोनी में धूमधाम से मनाया रंगोत्सव, होली के गीतों पर झूमे लोग

**रेवाड़ी।** राजकीय कर्मचारी कॉलोनी होली मिलन समारोह बड़े धूमधाम से मनाया गया। कॉलोनी की महिलाओं, पुरुषों व बच्चों कार्यक्रम का लुत्फ उठाया। सभी ने रंग-गुलाल से होली खेली और डीजे पर होली के गीतों पर डांस किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि के रूप में मिथलेश यादव, मायादेवी व कमला देवी मौजूद रही। मंच संचालन राकेश यादव ने किया। इस मौके पर आयोजित म्यूजिकल चेयर गेम में कुसुम ने प्रथम, ममता यादव ने द्वितीय व रोशनी देवी न तीसरा स्थान प्राप्त किया। बच्चों की बिस्कुट रेस में अभिनव प्रथम, रिषि द्वितीय व परी तीसरे स्थान पर रही। विजेताओं को 86 वर्षीय बुजुर्ग बाबू रामपतसिंह ने सम्मानित किया। जन चेतना फाउंडेशन की अध्यक्ष अनीता देवी ने होली पर्व पर अपने विचार रखे। इस अवसर पर मुकेश देवी, सरोज, सुरेखा, रोशनी, रेशमा, अध्यापिका बबली, किरोसता, पूनम, ममता यादव, सुमन, कुसुम, ममता देवी, पुष्पा, कंचन, सरिता, रजनी, प्राध्यापिका कविता यादव, रामपतसिंह, बिटू यादव, नरदेव यादव, डा. मनोज, विजयदीप, नरेंद्र, नीरज आदि लोग मौजूद रहे।




### विकास इंटरनेशनल स्कूल में मनाया होली पर्व

**रेवाड़ी।** विकास इंटरनेशनल स्कूल में होली पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया। बच्चों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर आनंद लिया। छात्र-छात्राओं ने होली पर आधारित विभिन्न गानों पर नृत्य की प्रस्तुति दी। शिक्षकों ने भी एक-दूसरे को गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दी। स्कूल के चेयरमैन देवेंद्र यादव व प्राचार्य भीम सिंह यादव ने शिक्षकों व बच्चों को होली पर्व पर भाईचारें का संदेश दिया।



रेवाड़ी। वयोवृद्ध लोक कलाकार धर्मपाल का सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### धुलेंडी पर बिहारीपुर में लगा मेला, कबड्डी में ढ़ोकिया की टीम बनी विजेता

**रेवाड़ी।** जाटूसाना खंड के गांव बिहारीपुर में धुलेंडी पर्व पर पारंपरिक मेले का आयोजन किया गया। मेले की शुरूआत मंदिर में पूजा-अर्चना के साथ हुई, जिसके बाद होली गायन व भजन सहित कबड्डी और कुश्ती के मुकाबले कराए गए। मेले में गांव के साथ-साथ आसपास के क्षेत्र से भी बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। इस अवसर पर मेला कमेटी की ओर से गांव के वयोवृद्ध लोक कलाकार व सेवानिवृत्त लोको पायलट धर्मपाल यादव को लोक कला का प्रदर्शन करने पर सम्मानित किया गया। खेलों में कबड्डी व कुश्ती प्रतियोगिता कराई गई। कबड्डी में गांव ढ़ोकिया की टीम विजेता तथा गादला की टीम द्वितीय स्थान पर रही। इस अवसर पर श्रीभगवान सरपंच, सुजान सरपंच, कृष्ण कुमार, जयसिंह पंच, बिरेंद्र सरपंच, धर्मवीर, सुरेश कुमार, रामकुमार, सज्जन सरपंच व करतार सहित अनेक ग्रामीण मौजूद थे।

## खेल नर्सरी योजना के लिए पोर्टल खुला

- जिले में 10 खेलों के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



खेल विभाग हरियाणा की ओर से खेल नर्सरी योजना 2026-27 के अंतर्गत सरकारी स्कूलों, ग्राम पंचायतों एवं निजी शिक्षण संस्थानों में खेल नर्सरी स्थापित की जा रही है, खेल नर्सरी स्थापित करने के लिए सरकार की ओर से पुनः पोर्टल खोला गया है। डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि खेल नर्सरी योजना के तहत जिले में 10 खेलों के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए है। इसके लिए इच्छुक सरकारी शिक्षण संस्थान-ग्राम पंचायत या निजी शिक्षण संस्थान साफ्टबॉल, भारोत्तोलन, लॉन टेनिस, क्नोईंग, बेसबाल, साइकिलिंग, रोविंग, घुड़सवारी, कराटे व तैराकी खेलों के लिए 7 मार्च तक खेल विभाग की वेबसाइट हरियाणास्पोर्टस.जीओवी.इन पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। डीसी ने कहा कि खेल नर्सरी स्थापित होने से स्थानीय स्तर पर खिलाड़ियों को प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में नियमित अभ्यास का अवसर मिलेगा और खेल संस्कृति को मजबूती मिलेगी। जिला खेल अधिकारी ममता ने बताया कि संबंधित संस्थान के पास संबंधित खेल के लिए पर्याप्त इंफ्रास्ट्रक्चर व पात्र प्रशिक्षक होना अनिवार्य है। उन्होंने ने सभी पात्र संस्थानों से अपील करते हुए कहा कि वे निर्धारित तिथि से पूर्व आवेदन कर योजना का लाभ उठाएं।

## बाबा मुक्तेश्वरपुरी मठ में धुलेंडी पर मेले का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली

कोसली गांव के बाबा मुक्तेश्वरपुरी मठ में बुधवार को धुलेंडी के अवसर पर मेले का आयोजन किया गया। कोसली एवं आसपास के गांवों के हजारों श्रद्धालुओं ने बाबा के मठ पर मत्था टेक कर मन्नतें मांगी। इस अवसर पर गायन का आयोजन भी किया गया, जिसमें लोक गायकों ने बाबा की महिमा का गुणगान किया तथा सौहार्द व समरसता का संदेश हुए लोगों को सामाजिक बुराइयों के विरुद्ध जागरूक किया। लोक गायकों ने लोगों से बच्चों को उत्तम शिक्षा व संस्कार देने का आह्वान किया, जिससे वे श्रेष्ठ नागरिक बनकर अपने परिवार व देश का नाम ऊंचा कर सकें। मेले में ग्रामीणों, महिलाओं व बच्चों की भारी भीड़ रही। नेहरूगढ़ गांव में भी धुलेंडी के पावन अवसर पर बाबा काला मुंहवाला के वार्षिक मेले व कुश्ती दंगल का आयोजन किया गया।

### योगिता सिकारवाल बनी असिस्टेंट प्रोफेसर

**धारूहेड़ा।** धारूहेड़ा की बेटी योगिता सिकारवाल का असिस्टेंट प्रोफेसर पद पर चयन हुआ है। माता-पिता ने बचपन से ही उन्हें शिक्षा के प्रति प्रेरित किया और हर परिस्थिति में उनका हौसला बढ़ाया। योगिता ने अपनी सफलता के लिए बड़े भाई तरुण सिकरवाल के मार्गदर्शन को श्रेय दिया। उनकी सफलता में गांव मस्तापुर निवासी ससुर अभय सिंह, पति ललित कुमार व पिता दलीप सिंह सिकरवाल का निरंतर सहयोग रहा।

### विभाग आमजन तक पहुंचाए सभी सरकारी स्कीमों का लाभः एसडीएम



**कोसली।** एसडीएम विजय कुमार यादव ने कहा कि अधिकारी सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाए। एसडीएम वीरवार को समाधान शिविर में लोगों की शिकायतें सुन रहे थे। एसडीएम ने कहा कि महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग, विकास एवं पंचायत विभाग, श्रम कल्याण विभाग व सहकारिता विभाग की अनेक योजनाएं ऐसी हैं, जिनकी जानकारी आम जनता तक सही ढंग से नहीं पहुंचाई जा रही है। जागरूकता के अभाव में समाज के योग्य पात्र इन योजनाओं से वंचित रह जाते हैं। इसलिए सभी सरकारी विभागों को अपनी जनकल्याणकारी योजनाओं का लोगों के बीच प्रचार प्रसार करना चाहिए। इसके अतिरिक्त गांवों में वाल पेंटिंग व होर्डिंग लगाए जाने चाहिए। शिविर में आए लोगों की ओर से पेयजल आपूर्ति, बिजली आपूर्ति, गांवों में अवैध कब्जे हटवान व परिवार पहचान-पत्र में आय कम कराने जैसी शिकायतें रखी गईं।

## जनगणना-2027 के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण शुरू, अधिकारियों ने ली ट्रेनिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

जनगणना-2027 के तहत लघु सचिवालय में वीरवार को अधिकारियों का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हो गया है। मास्टर प्रशिक्षकों की ओर से चार्ज अधिकारियों, प्रगणकों, पर्यवेक्षकों, चार्ज लिपिक और तकनीकी सहायक को प्रशिक्षण दिया गया। इस मौके पर डीसी अभिषेक मीणा ने कहा कि जनगणना केवल आंकड़ों का संकलन नहीं, बल्कि शासन की नीतियों और विकास योजनाओं की आधारशिला है। उन्होंने बताया कि जनगणना प्रबंधन व निगरानी के लिए पर्यवेक्षण प्रणाली पोर्टल का उपयोग होगा, जिससे कार्य की पारदर्शिता, गुणवत्ता, समय बद्धता पूरी हो पाएगी। उन्होंने बताया कि नागरिकों के स्वयं के लिए 10 अप्रैल से 24 अप्रैल तक गणना की सुविधा उपलब्ध रहेगी, जिसमें आमजन खुद पोर्टल के माध्यम से अपना विवरण अपलोड कर सकेंगे। डीसी ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जनगणना कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए निष्पक्ष, पारदर्शी व गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करना है।

इस अवसर पर सीटीएम जितेंद्र कुमार, डीआईओ सचिन, डीएसओ देवीदास व जिला कोऑर्डिनेटर अमित कुमार सहित नायब तहसीलदार,नगर परिषद व नगर पालिका के अधिकारी मौजूद थे।

### झाड़ौदा से बिना बताए घर से गया व्यक्ति

**कोसली।** झाड़ौदा गांव से एक व्यक्ति मंगलवार को बिना किसी को कुछ बताए घर से लापता हो गया। व्यक्ति की पत्नी अनिता देवी ने नाहड़ चौंकी पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका पति सतीश कुमार घर से बिना बताए कही चला गया है। उन्होंने अपने स्तर पर सभी जगह व रिश्तेदारी में उसकी तलाश की, लेकिन कोई पता नहीं चल पाया। वह अपना मोबाइल फोन घर पर ही छोड़ गया है। पुलिस ने महिला की शिकायत पर गुमशुदगी का मामला दर्ज कर लिया है।




### समाधान शिविर में जोहड़ में पानी की व्यवस्था करने के दिए निर्देश

**रेवाड़ी।** डीसी अभिषेक मीणा ने वीरवार को लघु सचिवालय सभागार में आयोजित समाधान शिविर में अधिकारियों के साथ जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने समस्याओं पर सुनवाई करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जिला स्तरीय समाधान शिविर में आई अधिकांश शिकायतों का मौके पर ही निदान किया गया। समाधान शिविर में गांव कोनसीवास में एक जोहड़ से दूसरे जोहड़ में पानी की व्यवस्था करने, गांव दौलतपुर में बिजली के टूटे व झुके हुए खंबों की शिकायत सहित परिवार पहचान पत्र, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, सामाजिक सुरक्षा पेंशन व सीवरेज से संबंधित शिकायतों पर समाधान करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा, जिला नगर आयुक्त ब्रह्मप्रकाश, एसडीएम सुरेंद्र कुमार व सीटीएम जितेंद्र कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे।



रेवाड़ी। राजकीय बाल विद्यालय में पेपर देने पहुंचे दसवीं के विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### दसवीं के आठ हजार विद्यार्थियों ने दिया अंग्रेजी का पेपर

**रेवाड़ी।** वीरवार को जिले के 54 परीक्षा केंद्रों पर हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड दसवीं की भी परीक्षा आयोजित हुई। केंद्रों पर दसवीं के 8 हजार विद्यार्थियों ने अंग्रेजी का पेपर दिया। दोपहर साढ़े 12 बजे से शुरू हुई परीक्षा के लिए एक चेकिंग के बाद विद्यार्थियों को एंट्री दी गई। फ्लाइंग स्कवॉयड की टीमों ने परीक्षा केंद्रों पर जांच की। प्रशासन की ओर से नकल रहित परीक्षा के लिए जिले में सभी केंद्रों पर निगरानी रखी जा रही है। परीक्षा केंद्रों के आसपास धारा 163 लागू है। परीक्षा केंद्रों पर मोबाइल फोन व डिजिटल वॉच ले जाने पर पाबंदी है। एबीएसई बारहवीं में 8476 व दसवीं के 8502 विद्यार्थी परीक्षा दे रहे है।

**डीसी व एसपी ने किया परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण**



डीसी अभिषेक मीणा व एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा ने वीरवार को जिले के विभिन्न परीक्षा केंद्रों में बोर्ड की परीक्षाओं के दौरान व्यवस्थाओं का जायजा लिया। डीसी ने कहा कि जिले में आयोजित की जा रही हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड परीक्षाओं के लिए प्रशासन पूरी तरह से सजग है। डीसी ने निरीक्षण के दौरान केंद्र अधीक्षकों को निर्देश दिए कि वे परीक्षा केंद्रों को नकल रहित बनाने के लिए सभी बिंदुओं पर विशेष ध्यान दें तथा परीक्षा देने आ रहे परीक्षार्थियों की चेकिंग जरूर करें।



रेवाड़ी। धुलेंडी पर रंगों का आनंद लेती बच्ची।

**होली** — पुलिस लाइन में हर्षोल्लास से मनाया रंगों का त्योहार

## फाग उत्सव में दिया शांति व भाईचारे का संदेश, ग्रामीण क्षेत्रों में लगे मेले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

जिले में रंगों का पर्व धुलेंडी शांति और भाईचारें के साथ मनाया गया। सुबह से ही बच्चे रंग और पिचकारी लेकर होली खेलने के लिए घर से बाहर नजर आए। युवाओं ने गली-मोहल्ले में अपने दोस्तों के साथ होली का जश्न मनाया। लोगों ने डीजे की धुन पर होली के गीतों पर नांचते-गाते हुए फॉग उत्सव मनाया। शहर के साथ धारूहेड़ा, कोसली, बावल व जाटूसाना सहित ग्रामीण क्षेत्रों में ग्रामीणों ने आपसी प्रेम व सौहार्द के साथ फाग उत्सव मनाया। धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं ने भी सामूहिक रुप से होली मिलन समारोह का आयोजन किया। गांवों में धुलेंडी पर मेले का आयोजन किया गया, जिसमें कुश्ती दंगल सहित अनेक खेल प्रतियोगिताएं कराई गई। होली पर्व पर किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पुलिस प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड पर रहा।

**एसपी हेमेंद्र कुमार ने जवानों संग खेली होली**

### ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों को दी शुभकामनाएं

बुधवार को जिला पुलिस लाइन धुलेंडी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। समारोह में एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा, डीएसपी हेडक्वार्टर डा. रविन्द्र सिंह, डीएसपी सिटी जोगेंद्र शर्मा व डीएसपी कोसली विद्यानंद सहित अन्य अधिकारी व जवान उपस्थित थे। अधिकारियों व कर्मचारियों ने ढोल-नगाड़े तथा होली गानों पर जमकर डांस किया। इस मौके पर एसपी हेमेंद मीणा ने कहा कि होली एक ऐसा पर्व है, जो गिले-शिकवे भुलाकर आपसी भाईचारा बनाने के लिए प्रेरित करता है। इस पर्व पर बुराइयों को त्यागकर अच्छाई ग्रहण करने की शपथ लेनी चाहिए। होली का पर्व हमें आपसी प्रेम, सौहार्द और एकता का संदेश देता है। एसपी ने कहा कि बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों को त्योहार के दिन अवकाश का मौका नहीं मिलता। त्योहार पर कर्त्तव्य की पालना करते समय उन्हें घर की कमी जरूर खलती है। होली पर्व पर पुलिस कप्तान ने बुधवार को ड्यूटी पर मौजूद पुलिसकर्मियों को घर की कमी नहीं खलने दी। होली मिलन समारोह से पहले वे स्वयं ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों के बीच पहुंचे और उन्हें गुलाल लगाकर गले मिलते हुए होली की शुभकामनाएं दीं।




रेवाड़ी। धुलेंडी के पर्व पर रंगों में रंगे हुए लोग। फोटोः हरिभूमि



रेवाड़ी। शक्ति नगर कॉलोनी में होली खेलते बच्चे। फोटोः हरिभूमि



रेवाड़ी। एसपी के साथ होली खेलते हुए जवान। फोटोः हरिभूमि

### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर होगा अस्मिता लीग का आयोजन

**रेवाड़ी।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार मेरा युवा भारत एवं भारतीय खेल प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 8 मार्च को देशभर में अस्मिता लीग का आयोजन किया जाएगा। जिला रेवाड़ी में भी महिलाओं की दौड़ प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी। मेरा युवा भारत के जिला युवा अधिकारी सुमित यादव ने बताया कि 8 मार्च को स्वाईमान स्पोर्ट्स अकादमी टांकड़ी बावल में अस्मिता लीग का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के तहत 3 आयु वर्ग (अंडर-13, 13-18 व 18 से अधिक) में 100 मीटर, 200 मीटर वं 400 मीटर दौड़ व रस्सा कस्सी प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि महिलाएं प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए खेलो इंडिया के नेशनल स्पोर्ट्स रिपॉजिटरी सिस्टम पोर्टल पर अपना रजिस्ट्रेशन कर सकती हैं। इसके अलावा 8 मार्च को योजन स्थल पर भी रजिस्ट्रेशन कराया जा सकता है।

- **8 मार्च को योजन स्थल पर भी रजिस्ट्रेशन कराया जा सकता है**